ted Pages/Questions: 4 / 14

# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

## Half Yearly Examination (2019 – 2020)

lass: VI

Subject: Hindi

MM: 80

Time: 3 Hrs.

Name: ______________________ Class / Section: _________ Roll No.: ___________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क' , 'ख', 'ग' और 'घ' ।
(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।
(5) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

---

(खण्ड–क)

प्र0 1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+1+2+2+2)

किसी जंगल में एक डाकू रहता था। वह लोगों को मारकर उनकी अंगुली काट लेता था। बाद में उनकी माला बनाकर अपने गले में डाल लेता था इसलिए लोग उसे अंगुलिमाल बुलाते थे। एक बार जंगल से महात्मा बुद्ध गुज़र रहे थे। उन्हें देखते अंगुलिमाल प्रसन्न हो गया कि आज उसे कुछ और अंगुलियाँ माला में पिरोने के लिए मिलेंगी। उसने गरज़ते हुए महात्मा बुद्ध से कहा– ''ठहर जा ।'' महात्मा बुद्ध शांत स्वभाव से मुस्कराते हुए बोले; ''मैं तो ठहर गया, तुम कब ठहरोगे ?'' अंगुलिमाल हैरान रह गया; क्योंकि लोग उसे देखते ही डर जाते थे और उससे दया की भीख माँगने लगते थे। उसने बुद्ध से पूछा– ''तुम मुझसे डरे नहीं ? अगर मैं चाहूँ तो तुम्हे मारकर तुम्हारी अंगुलियाँ माला में डाल लूँ।'' बुद्ध शांत भाव से बोले–''पुत्र इस संसार में ऐसा कौन है, जो मरा नहीं। एक दिन तो सभी को मरना है, तुम्हे भी मुझे भी, फिर मृत्यु से डर कैसा ?''

क) डाकू का नाम अंगुलिमाल क्यों पड़ा ?
ख) महात्मा बुद्ध मुस्कराते हुए अंगुलिमाल से क्या बोले ?
ग) अंगुलिमाल महात्मा बुद्ध को देखकर प्रसन्न क्यों हुआ ?
घ) अंगुलिमाल हैरान क्यों था ?
ङ) अंगुलिमाल ने महात्मा बुद्ध से क्या पूछा ?

प्र0 2 **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+1+1+2+2)

चला गया जो समय लौटकर, कभी नहीं फिर आता
सदा समय को खोने वाला, कर मल–मल पछताता।
जिसने इसे न माना उसको इसने भी ठुकराया
लाख यत्न करने पर भी हाथ न उसके आया।
हो जाता एक घड़ी के लिए जन्मभर रोना
समय बहुत मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना।

धन खो जाता, श्रम करने से फिर मनुष्य है पाता
स्वास्थ्य बिगड़ जाने पर उपचारों से बन जाता।
विद्या खो जाती फिर भी पढ़ने से आ जाती
लेकिन खो जाने से मिलती नहीं समय की थाती।
जीवन भर भटको, छानो, दुनिया का कोना–कोना
समय बहुत ही मूल्यवान है, व्यर्थ कभी मत खोना।

क) समय को खोने वाला क्या करता है ?

ख) बीता हुआ समय कब आता है ?

ग) 'दुनिया' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए ?

घ) धन खो जाए तो पुनः कैसे प्राप्त होता है ?

ङ) 'स्वास्थ्य बिगड़ जाने से उपचारों से बन जाता'– का आशय स्पष्ट कीजिए।

**(खण्ड–ख)**

**प्र0 3 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** (1X3=3)

क) लिपि किसे कहते हैं ?

ख) 'हिंदी' और 'उर्दू' भाषा की लिपि क्या है ?

ग) 'जिसके आने की तिथि न हो।'– वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

**प्र0 4 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** (1X4=4)

क) 'जो कविता लिखता है।'– वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए।

ख) हिंदी के दो शब्द लिखिए जिनमें विसर्ग (ः) लगा हो।

ग) अनुनासिक ( ँ ) का प्रयोग कर दो शब्द बनाइए।

घ) देशज शब्द के दो उदाहरण लिखिए।

**प्र0 5 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** (1X4=4)

क) 'अग्नि' और 'मुख' का तद्‌भव रूप लिखिए।

ख) 'साँप' और 'माँ' का तत्सम रूप लिखिए।

ग) बचपन सबको प्यारा है। रेखांकित शब्द का संज्ञा भेद लिखिए।

घ) नेहरू जी भारत के प्रधानमंत्री थे। रेखांकित शब्द का संज्ञा भेद लिखिए।

**प्र0 6 नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए–** (1X4=4)

क) 'अँधेरा' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

ख) वस्त्र का पर्यायवाची शब्द पृथक कर लिखिए– तीर, वासर, पट

ग) 'आरोह' का विलोम शब्द लिखिए।

घ) 'आय' का विलोम शब्द लिखिए।

**(खण्ड–ग)**

**प्र0 7 नीचे दिए गए गद्‌यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+2+2)

प्रागैतिहासिक मानव ने सबसे पहले चित्रों के जरिए अपने भाव व्यक्त किए। जैसे, पशुओं, पक्षियों,

आदमियों आदि के चित्र। इन चित्र–संकेतों से बाद में भाव–संकेत अस्तित्व में आए। जैसे, एक छोटे वृत्त के चहुँ ओर किरणों की द्योतक रेखाएँ खींचने पर वह 'सूर्य' का चित्र बन जाता था। बाद में यही चित्र 'ताप' या 'धूप' का द्योतक बन गया। इस तरह अनेक भाव–संकेत अस्तित्व में आए।

क) इस गद्यांश के पाठ का नाम लिखिए।

ख) प्रागैतिहासिक मानव ने किसके माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए ?

ग) भाव–संकेतों का जन्म कैसे हुआ ? इसका एक उदाहरण लिखिए।

**प्र0 8 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई चार)** (2X4=8)

क) शनिवारी दवा के विषय में लेखिका कृष्णा सोबती ने क्या बताया ?

ख) केशव ने चिड़िया के बच्चों को धूप से बचाने के लिए कौन–कौन–से उपाय किए ?

ग) छोटू कहाँ जाना चाहता था और क्यों ?

घ) मंगल ग्रह पर यान किसने भेजा था और क्यों ?

ङ) मोहन के पेट में दर्द होने पर पिताजी ने उससे कैसे–कैसे सवाल पूछे ?

**प्र0 9 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+2+2)

गोल हैं खूब मगर
आप तिरछे नज़र आते हैं ज़रा।
आप पहने हुए हैं कुल आकाश
तारों जड़ा;
सिर्फ़ मुँह खोले हुए हैं अपना
गोरा–चिट्टा
गोल–मटोल।

क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

ख) चाँद कैसा है और कैसा नज़र आता है ?

ग) चाँद ने अपनी पोशाक को कैसे पहन रखा है ?

**प्र0 10 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(कोई चार)** (2X4=8)

क) चिड़िया को संतोषी क्यों कहा गया है ?

ख) चिड़िया को किस–किससे प्यार है ?

ग) 'फ़ौलादी हैं सीने अपने फ़ौलादी हैं बाँहें' – का आशय स्पष्ट कीजिए ?

घ) परिश्रमी लोग मिलकर क्या कर सकते हैं ?

ङ) 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता के अनुसार अब हमारी मंज़िल क्या है ?

**प्र0 11 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (2X2=4)

क) राम के किन गुणों ने आपको प्रभावित किया ?

ख) जटायु कौन था ? राम–लक्ष्मण से वह कहाँ मिला ?

(खण्ड–घ)

प्र0 12 किसी विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर सारगर्भित निबंध लिखिए– 10

क) मेरा प्रिय लेखक

संकेत बिंदु जन्म, पारिवारिक परिस्थितियाँ आदि, लेखनारंभ, साहित्य में योगदान, महत्त्वपूर्ण रचनाएँ।

ख) पुस्तक की आत्मकथा

संकेत बिंदु भूमिका, जन्म से पूर्व का रूप तथा प्राचीन स्वरूप, कागज़ का आविष्कार, वर्तमान रूप, उपसंहार

ग) वृक्ष हमारे मित्र

संकेत बिंदु वृक्ष प्रकृति का वरदान, आदिकाल से वृक्षों की पूजा, वृक्षों का महत्त्व व उपयोगिता, वृक्षों की कटाई, दुष्परिणाम, उपसंहार।

प्र0 13 दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए– 5

अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए चार दिनों की अवकाश हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मोहल्ले की सफ़ाई हेतु नगर–निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

प्र0 14 पिता–पुत्र के बीच स्कूल में होने वाली अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर संवाद लिखिए। 5

अथवा

खेल के मैदान में होने वाले दो मित्रों की बातचीत संवाद के रूप में लिखिए।

–––00–––